## सार-समाचार

### विद्यार्थियों ने लोक अदालत की कार्यवाही का अवलोकन किया



**उदयपुर, (कासं)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला एवम् सेशन न्यायालय उदयपुर में शनिवार को को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया। डॉ अनुष्का विधि महाविद्यालय के निदेशक डॉ. एस.एस. सुराणा ने बताया की महाविद्यालय के छात्र छात्राओ के दल ने महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मोहम्मद हारून छिपा एवं सहायक आचार्य ऋत्वी धाकड के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत की कार्यवाही में भाग लिया, जहां विधार्थियों को न्यायाधीश, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण आलोक सुरोलिया, न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय अशोक कुमार शर्मा, न्यायाधीशप्रवीण कुमार, डॉ. पियूष जेलिया, न्यायाधीश नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स क्र. सं. 1 अनुराधा शर्मा ने लोक अदालत की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया तथा विधार्थियों को लोक अदालत के जरिये पक्षकारो के मामलो का आपसी राजीनामे से निस्तारण करने की प्रक्रिया व लोक अदालत के महत्त्व के बारे में भी बताया । साथ ही सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप शर्मा ने विधार्थियों को प्री लिटिगेशन की कार्यवाहियों के सम्बन्ध में बताया एवम् विधार्थियों के विधि से सम्बंधित सवालों के जवाब दिए। वही लोक अदालत में निजी एवं सरकारी कार्यालयों के प्रतिनिधि अपने कार्यालयों की ओर से राजीनामे के लिए भी उपस्थित था। इसके साथ ही विधि विधार्थियों से आव्हान किया कि वह कडी मेहनत करके न्यायिक सेवा में सफलता प्राप्त कर आमजन को न्याय दिलाने में योगदान दे सकते है।

### रोहित कोठारी सम्मानित होंगे



**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के युवा रोहित कोठारी को दिल्ली में 20 मई को नेशनल एक्सीलेंस आईकॉन अवॉर्ड 2022 से सम्मानित किया जाएग। वायरस विंग्स प्रोडक्शन द्वारा आयोजित नेशनल एक्सीलेंस आईकॉन अवॉर्ड सीजन-3 में उन्हें यह सम्मान दिया जाएगा। करीब 50 लोगों द्वारा अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए चयन किया गया है रोहित को यह अवार्ड उनके द्वारा कई कलाकारों को मंच देने एवं प्रमोट करने के लिए दिया जायेगा। रोहित कोठारी को इससे पहले भी कई अवार्ड से नवाजा गया है जिसमे टेलेंट अचीवर अवार्ड, उदयपुर रत्न अवार्ड, यंग अचीवर अवार्ड, ग्लोबल अचीवर अवार्ड, ग्लोबल मेंस ऑफ द ईयर अवार्ड, एवं कई अवार्ड शामिल है।

### नकबजनी करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सवीना थाना पुलिस ने नकबजनी कर कार वाशिंग सेटर से सामन चोरी करने वाले को गिरफ्तार किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीराम स्कूल केसामने सवीना निवासी पीड़ित शैलेन्द्र सुथार पुत्र गिरीश कुमार ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि सवीना मैन रोड़ पर मेरा कार सर्विस सेंटर है। 13 मई 2022 रात में अज्ञात चोर सर्वीस सेंटर का ताला तोड़ कर मोबाईल चर्जर, कार की चाबी, मशीन टूल किट आदी सामान चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर सवीना थानाधिकारी रविन्द्र चारण के नेतृत्व में एएसआई कासिम दुल्ला खान, कांस्टेबल सतपाल सिंह,राजकमल विश्नोई मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यें के अधार पर सुभाषनगर भीलवाड़ा निवासी राहुल कुमार पुत्र प्रमोद को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी किया माल बरामद किया।

### अपहरण का मामल दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** डबोक थाना पुलिस ने मां का अपहरण कर ले जाने वाली बेटी व दोहित्री के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित नान्दवेल डबोक निवासी भेरूलाल पुत्र रूपा डंगी ने अपनी बहन फतहपुरा मावली निवसी जेतीबाई पत्नी भीमराज डंगी, तथा नान्दवेल रेहटा निवासी दोहित्री कुषया पत्नी रूपलाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि 5 मई के घर पर आए अरोपियों ने मेरी पत्नी निर्मला के साथ मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया तथा मेरी मां तुलसीबाई का अपहरण कर ले गए। जहां उसे बंधक बनाए रखा। आरोपियों के खिलाफ मावली पुलिस थाने में जमीन को लेकर प्रकरण दर्ज कराया था। इसको लेकर प्रकरण दर्ज होने से अपहरण कर ले गए।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** धोखे से महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने चेनराम नामक आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म करने का मामला दर्ज करावाया। कि मेरी महिला रिश्तेदार के भाई चेनाराम से बातचीत कराई। मिलने के लिए कहने पर मोबाईल नंबर दिए। कुछ समय बाद आरेपी द्वारा फोन कर बुलावे पर 5 मई 2022 के मैं मौके पर गई। जहां रिश्तेदार कर परिचित होने पर मैं उसके साथ चली गई। आरोपी मुझे एकांत मे ले गया। जहां उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया।

### विद्यालय को टेबल कुर्सियां भेंट

**उदयपुर, (कासं)।** राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय मदार को महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय उदयपुर के तत्वावधान में आर.एस. एम.एम. की तरफ से 149 टेबल कुर्सियां व चार अलमारी भेंट की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय नरेंद्र सिंह राठौड थे। अध्यक्षता डायरेक्टर सीआरए डॉ.कौशिक और विशिष्ट अतिथि इंद्र जीत सिंह माथुर स्मार्ट विलेज कॉर्डिनेटर थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राठौड ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए बालिकाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाया। छात्रों को समर्पण बहादुरी चरित्रवान समर्पण युक्त गुणों को जीवन में लाने के लिए ए.बी.सी.डी. का फार्मूला भी बताया। संचालन मनीष मेघवाल ने किया।

### प्रियंका बने कांग्रेस अध्यक्ष : कृष्णम्

**उदयपुर, (कासं)।** चिंतन शिविर में पत्रकारों से अनौपचारिकता वार्ता के दौरान कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि प्रियंका गांधी को कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष बनना चाहिए। आचार्य प्रमोद ने कहा कि राहुल गांधी पार्टी अध्यक्ष बने सभी चाहते है लेकिन वह इस पद को लेने से पिछले दो साल से मना कर रहे हे। आज भी राहुल गांधी अध्यक्ष बने लेकिन अगर वे स्वीकार नहीं करना चाहते है तो ऐसी स्थिति में देश के करोड़ों युवा चाहते है कि प्रियंका गांधी को यह कमान सौंपी जाए।

### 16-17 को पर्यटकों का प्रवेश निषेध

**उदयपुर, (कासं)।** वन्यजीव गणना 2022 के मद्देनजर उदयपुर वन्यजीव मंडल के अधीनस्थ अभयारण्यों में 16 व 17 मई को पर्यटकों का प्रवेश निषेध रहेगा। उप वन संरक्षक डॉ अजीत ऊंचोई ने बताया कि इसके तहत उदयपुर वन्यजीव मंडल के अभयारण्य सज्जनगढ (पैलेस सहित), जयसमंद, फुलवारी की नाल व बाघइडा नेचर पार्क में पर्यटकों के लिए प्रवेश बंद रहेगा जबकि जैविक उद्यान सज्जनगढ (बायोलॉजिकल पार्क) पर्यटकों के लिए खुला रहेगा।

### फतहसागर पर योग कार्यक्रम आज

**उदयपुर, (कासं)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2022 के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन, आयुर्वेद विभाग व पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 15 मई को सुबह 6.30० बजे से 8 बजे तक फतहसागर पाल पर योग कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के संचालक व आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ शोभालाल औदीच्य ने बताया कि इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ अशोक जैन योग प्रोटोकॉल से योगाभ्यास करवाएंगे।

### कार्यशाला का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** मोहनलाल सुखाडिया विवि के मनोविज्ञान विभाग के द्वारा शनिवार को किशोरों में आचरण विकारों के लिए हस्तक्षेप पर कार्यशाला का आयोजन रूसा 2.0 के अंतर्गत विवि परिसर में किया गया। कार्यशाला की आयोजक सचिव, डॉ. वर्षा शर्मा ने बताया कि यह कार्यशाला किशोरों एवं विद्यार्थियों के लिए लाभदायक रहेगी। मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो कल्पना जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि इसका उपयोग एक सहयोगी चिकित्सा के रूप में किया जाता है।

# हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, गिरफ्तारी दी

**उदयपुर, (कासं)।** बार एसोसिएशन उदयपुर एवं मेवाड वागड हाई कोर्ट बेंच संघर्ष समिति के तत्वाधान में कोर्ट चौराहे पर राजस्थान सरकार का विरोध करते हुए धरना-प्रदर्शन कर गिरफ्तारियां दी।

बार एसोसिएशन उदयपुर के महासचिव भूपेंद्र सिंह चुंडावत ने बताया कि सुबह 8 बजे अधिवक्ता गण न्यायालय के मुख्य द्वार पर इकट्ठा होकर उदयपुर में हो रहा राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के चिंतन मंथन शिविर में राष्ट्रीय नेता आए हुए हैं उन्हें मेवाड वागड क्षेत्र में राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ की आवश्यकता क्यों है इसके बारे में सरकार के उदासीन रवैये को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया।



उदयपुर में कोर्ट चौराहे पर अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया।

महासचिव ने बताया कि उक्त विरोध का मुख्य कारण राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नकारात्मक रवैया के कारण रहा माननीय गहलोत साहब ने बार एसोसिएशन और मेवाड वागड हाईकोर्ट बैंच संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के साथ जो नकारात्मक रवैया 12 मई को प्रदर्शित किया जिसको देखते हुए समस्त अधिवक्ताओं ने यह विरोध करना जरूरी समझा इसके तहत अधिवक्ताओं ने काले झंडे लगाए चौराहे पर टायर जलाया काले गुब्बारे उडाए उसको देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा कई अधिवक्ताओं को गिरफ्तार भी किया गया।

महासचिव ने बताया कि आंदोलन में बार एसोसिएशन उदयपुर के अध्यक्ष गिरजा शंकर मेहता सचिव अजय आचार्य वित्त सचिव सैयद रिजवान रिजवी सहवृत सदस्य यशवंत सिंह अरूणपाल सिंह के साथ मेवाड वागड हाई कोर्ट बेंच संघर्ष समिति के संयोजक रमेश नंदवाना महासचिव रामकृपा शर्मा समन्वयक शांतिलालपामेचा पूर्व संयोजक शांतिलाल चपलोत, जिला हाई कोर्ट संघर्ष समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सांखला महासचिव आशुतोष पुरी गोस्वामी उपाध्यक्ष खुशबू नेनावा, डॉ भरत सिंह राव, मनीष खंडेलवाल, गजपाल सिंह घनश्याम सिंह ,प्रवीण खण्डेलवाल भरत वैष्णव मनीष शर्मा भरत जोशी के साथ भारी मात्रा में कई अधिवक्ता गण इकट्ठा होकर नारेबाजी की मानव श्रृंखला बनाई और राजस्थान सरकार से मांग की कि उदयपुर की यह मांग वाजिब मांग है उदयपुर संभाग एक आदिवासी बहुल एरिया है।

### 56.90 प्रतिशत ने परीक्षा दी

**राजसमंद, (निसं)।** जिले में शनिवार को दूसरे के चरण की राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल की भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। एएसपी शिवलाल बैरवा ने बताया कि कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय पर सुभाष पब्लिक स्कूल हाउसिंग बॉर्ड, सोफिया पब्लिक स्कूल भावा एवं नाथद्वारा में श्रीनाथजी इंस्टीट्यूट ऑडन एवं सेंट मीरा विधी कॉलेज में बनाए गए चारों परीक्षा केन्द्र पर प्रथम पारी में कुल 2472 एवं द्वितीय पारी में 2468 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड किए गए थे। प्रथम पारी में सुबह 9 से 11 व दूसरी पारी दोपहर 3 से 5 तक 4 हजार 940 में से 2811 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि दोनों ही पारियों में कुल 2129 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कुल 43 प्रतिशत अनुपस्थित रहें तो केवल 56.90 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दी। परीक्षा के द्वितीय चरण के दिन सभी परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की लंबी लाइन देखने को मिली। ड्रेस कोड के अनुसार ही मेल व फीमेल कैंडिडेट को एंट्री दी गई।

### विधायक माहेश्वरी ने सुने परिवाद

**राजसमंद, (निसं)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी द्वारा जिला मुख्यालय 100 फीट रोड स्थित विधायक कार्यालय पर शनिवार को जन परिसंवाद का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक ने आमजन के अभाव अभियोग सुने तथा सम्बन्धित को परिवादों के निराकरण के निर्देश दिए। जन परिसंवाद में बडी संख्या में क्षेत्र वासियों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्यत: पेयजल, बिजली काटौती, राशन वितरण एवं विकास कार्यों में विलम्ब की समस्याएं सामने आई। विधायक कार्यालय प्रभारी महेशचन्द्र आचार्य ने बताया कि परिसंवाद में दूलियाणा, खेमाखेडा, कालबेलिया बस्ती वासियों ने बाघेरी नाका से 7 दिन में एक बार पानी आपूर्ति की समस्या रखी। गाडरियावास, पीपरडा, सांवलपुरा ग्रामवासियों ने सामुदायिक भवन व सीसी रोड की समस्या रखी। साथ ही छतरी खेडा, सोनियाणा, पछमता, कुण्डिया ग्रामवासियों ने महिला स्नान घर, ग्रेवल सडक व बेरोजगार पशु चिकित्सक संघ ने पशु चिकित्सा अधिकारियों की शीघ्र भर्ती करने व पीपली आचार्यान ग्रामवासियों ने बनास पर काजवे निर्माण एवं कॉलेज शिक्षा विद्यार्थीयों ने स्कॉलरशिप शीघ्र दिलाने की मांग की।

# पानी की समस्या से राहत दिलाने के लिए ज्ञापन दिया

**उदयपुर, (कासं)।** नाकोडा नगर विकास समिति के संरक्षक गजानंद शर्मा अंबालाल शर्मा गुलाब सिंह सिसोदिया नरपत सिंह शेखावत अध्यक्ष महेश व्यास सचिव भैरू सिंह राठौड सरपंच शंकर गमेती एवं समस्त पदाधिकारियों ने एक स्वर से राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से आग्रह किया है कि यूआईटी द्वारा विकसित नाकोडा नगर एवं आसपास की सभी कॉलोनियों में पेयजल से तरसते लोगों को राहत का मुद्दा भी संकल्प शिविर में उठाते विकास समिति के प्रदेश मीडिया मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के पिछले माह के दौरे पर सर्किट हाउस में जन सुनवाई के दौरान इस संबंध में पत्र सौंपा था।

वही जिला जनसुनवाई में जिला कलेक्टर उदयपुर को एवं पंचायत समिति सभागार में उपखंड जनसुनवाई में भी हाल ही में कॉलोनी वासियों द्वारा पेयजल की समस्या से अवगत कराया था लेकिन वास्तविक स्थिति में समय प्रात: 7.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक निवासियों को पानी के टैंकर खरीदने पडते है।



उदयपुर के नाकोडा नगर विकास समिति ने पानी की समस्या को लेकर गुरूवार को ज्ञापन दिया।

नाकोडा नगर प्रथम धाऊ जी की बावडी बेडवास पंचायत समिति गिर्वा प्रताप नगर उदयपुर पानी के टैंकर खाली होते हुए का दृश्य बयां करता है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री काश इस चिंतन शिविर में पेयजल का मुद्दा भी उठाते नाकोडा नगर विकास समिति के पदाधिकारी चिंतन शिविर से 1 दिन पूर्व ही सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस मुद्दे को उठा चुके हैं लेकिन फिलहाल समाधान का कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया गया है यूआईटी द्वारा विकसित इस क्षेत्र में सरकारी स्तर पर पेयजल की कोई भी व्यवस्था अभी तक नहीं हुई है यूआईटी पीएचईडी पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग पर एवं जन स्वास्थ्य अभियात्रिकी विभाग यूआईटी पर दायित्व डालते हुए पिछले 15 वर्षो से मुद्दे पर कोई भी समाधान नहीं कर पाए हैं एवं पेयजल को तरसती जनता के लिए कोई भी राहत नहीं है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं के सहयोग से टूटे पुराने सारे रिकार्ड

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वावधान में उदयपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष भुवन गोयल के निर्देशन में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ।

प्राधिकरण सचिव व एडीजे कुलदीप शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत पक्षकारों एवं अधिवक्तागण के सहयोग से सारे पुराने रिकॉर्ड टूटे और लगभग 49 हजार 405 प्रकरण निस्तारित करते हुए 19 करोड 36 लाख के अवार्ड पारित किये गये। इस अदालत में न्यायालयों में लंबित 4034 प्रकरण एवं प्री-लिटिगेशन के 45371 प्रकरण निस्तारित कर पक्षकारों को राहत प्रदान की गई। सचिव शर्मा ने बताया कि मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय के कुल 99 प्रकरण निस्तारित करते हुए 4 करोड 96 लाख के अवार्ड पारित किए वहीं पारिवारिक विवाद के 106 प्रकरण निस्तारित कर खुशियां बांटी गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में वाणिज्यिक न्यायालय में कुल 20 प्रकरणों का निस्तारण कर 2 करोड के अवार्ड पारित किए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों में बेंचों का गठन कर पहली बार प्रशासन के सहयोग से राजस्व प्रकरणों का भी निस्तारण करवाया गया। पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में गठित बेंच द्वारा विगत एक वर्ष से अलग-अलग रह रहे दंपति को समझाइश कर एक साथ घर भेजा। वैभव एवं श्रेया कुमावत विगत 1 वर्ष से आपसी मनभेद होने से अलग रह रहे थे। पारिवारिक न्यायालय की सदस्य नीता जैन ने दोनों पक्षकारों के अलग रहने के कारण की जानकारी ली तो पता चला कि दोनों के मध्य छोटी सी बात को लेकर विवाद था। पत्नी द्वारा महिला थाने में दहेज का मुकदमा दर्ज करवा रखा था। पति द्वारा पारिवारिक न्यायालय में धारा 9 में प्रकरण दर्ज करवा रखा था। अधिवक्ता सुशील शर्मा ने प्रार्थी श्रेया कुमावत को समझाया।

# नर्सरी उत्पादन पर प्रशिक्षण का समापन

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान कृषि महाविद्यालय के उद्यानिकी विभाग में स्नातक विद्यार्थीयों हेतु उद्यानिकी फसलों की प्रो ट्रेन में नर्सरी उत्पादन पर छ: दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 9 से 14 मई तक हुआ। प्रशिक्षण के समापन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ एस के शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहां की वर्तमान में कृषि की परंपरागत तकनीकों में नवीन तकनीकों के समावेश की आवश्यकता है।

**■ वर्तमान में कृषि की परंपरागत तकनीकों में नवीन तकनीकों के समावेश की आवश्यकता है : डॉ. एस के शर्मा**

सब्जियों में संरक्षित एवं सघन खेती का प्रचलन बढ़ रहा है। ऐसे परिदृश्य में उन्नत तकनीकी द्वारा उच्च गुणवत्ता की पौध उत्पादन एक सफल व सिद्ध तकनीकी के रूप में उभर कर आई है। इस तकनीकी द्वारा हम उन्नत किस्मो के पौध प्रयोग में लेकर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकरे है। डॉ.शर्मा ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक ज्ञानार्जन करने, अपने व्यक्तित्व निर्माण करने, व्यवहार में व्यवसायिकता व प्रतिबद्धता लाने के लिए प्रेरित किया।





राजस्थान कृषि महाविद्यालय के उद्यानिकी विभाग में स्नातक विद्यार्थियों के लिए उद्यानिकी फसलों की प्रो ट्रेन में नर्सरी उत्पादन पर छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर प्रमाण पत्र बांटे

समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ. एस. एस. शर्मा, अधिष्ठाता, राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर ने सब्जियों की नर्सरी द्वारा अधिक आय अर्जित करने एवम इसे एक उद्यम के रूप में विकसित करने हेतु प्रतिभागियों को प्रेरित किया। डॉ शर्मा ने संस्थागत विकास परियोजना के अंतर्गत ऐसे अनेकों प्रशिक्षण, कार्यशालाए व संगोष्ठी जैसे कार्यक्रमो में विद्यार्थियों को अधिक से अधिक प्रतिभागिता रखने के लिए प्रेरित किया।

प्रशिक्षण प्रभारी डॉ कपिल देव आमेटा ने प्रशिक्षण का दिनानुसार विस्तृत प्रतिवेदन सदन के समक्ष प्रस्तुत किया। डॉ. आमेटा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में विभिन्न प्रकार के मीडिया मिश्रण तैयार करना, मिडिया चयन, नर्सरी प्रबंधन, पौध सिंचाई प्रबंधन, पौध पोषक तत्व प्रबंधन, पादप कीट व व्याधि प्रबंधन, आदि सभी विषयों पर प्रायोगिक वह सैद्धांतिक रूप से विस्तृत ज्ञान प्रतिभागियों को दिया गया । समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं प्रशिक्षण पुस्तिका वितरित किए गए।

### ग्रीन मुनिया के प्रजनन व संरक्षण पर कार्यशाला

**उदयपुर, (कासं)।** देश के ख्यात पक्षी विज्ञानी व बीएनएचएस मुम्बई के सहायक निदेशक डॉ. रजत भार्गव ने कहा है कि उदयपुर जैव विविधता की दृष्टि से समृद्ध है और माउंट आबू की तरह उदयपुर में भी ग्रीन मुनिया को ठौर मिल सकता है। इसका प्रमाण है गोगुंदा क्षेत्र में दिखाई दे रही ग्रीन मुनिया और उदयपुर के गुलाबबाग में ग्रीन मुनिया के लिए तैयार किया गया ब्रीडिंग कन्जर्वेशन सेंटर जहां पर तीन वर्ष पहले लाए गए ग्रीन मुनिया के दो जोडे जिन्हें यहां की आबोहवा रास आ रही है।

डॉ. भार्गव वन भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में वन विभाग एवं ग्रीन पीपल सोसायटी के तत्वावधान में गुलाबबाग पक्षी उद्यान के विशेष संदर्भ में ग्रीन मुनिया के प्रजनन व संरक्षण विषय पर एक विशेष कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने रेड मुनिया, सिल्वर बिल, ग्रीन मुनिया और स्केली ब्रेस्टेड मुनिया की देश व राजस्थान में अवस्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इसके संरक्षण-संवर्धन पर आवश्यकता जताई।

# पीपीएल में गोल्ड स्पोर्ट्स को मिली सीजन की सबसे बड़ी जीत

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक प्रीमियर लीग चौथे सीजन के लीग स्तर के मुकाबले अंतिम दौर में पहुंच गये हैं। प्रतियोगिता के सातवें दिन हुए तीन मुकाबलों में ट्रूली इण्डिया ने महेन्द्रा को 31 रनए यूएसए ग्लोबल ने सीपीएस को 6 रन से तथा गोल्ड स्पोर्ट्स ने सोजतिया मार्वलस को 89 रन से हरा दिया। पोईन्ट टेबल के अनुसार ट्रूली इण्डिया और पेसिफिक ऑर्गेनिक चार जीत के साथ टॉप पर हैं तो ट्रावर्सए महेन्द्रा और सोजतिया मार्वलस तीन मैच जीत चुके हैं। यूएसए ग्लोबल 2ए गोल्ड स्पोर्ट्स 1 ने एक मैच जीता है वहीं सीपीएस एक भी मैच नहीं जीत पायी है। पेसिफिक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स करनपुर में चल रहे मुकाबलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि उदयपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव मुकेश कुमावत व कोषाध्यक्ष मनोज चौधरी ने शाबाज खान, युवराज सिंह और मोहित जैन को मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार दिया।

पीपीएल संस्थापक अमन अग्रवाल ने बताया कि सातवें दिन हुए सभी मुकाबलों में पहले बल्लेबाली करने वाली टीम ने जीत अपने नाम कीए पहले मैच में ट्रूली इण्डिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में 6 विकेट खोकर 148 रन बनाए। टीम की ओर से मौलिक ने 35 बॉल में 51 रन निशान्त शर्मा ने 3० बॉल में 41 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महेन्द्रा की टीम हिमांशु पाटीदार के 26 रन की मदद से 9 विकेट पर 117 रन ही बना पायी। ट्रूली इण्डिया की ओर से मनीष शर्मा ने 3ए चन्द्रपाल और शाबाज खान ने 2.2 विकेट लिये।





पेसिफिक प्रीमियर लीग में खिलाडियों को सम्मानित किया।

**■ शाबाज खान, युवराज सिंह और मोहित जैन को मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार दिया**

सह.संस्थापक मनोज चौधरी ने बताया कि दूसरे मैच में यूएसए ग्लोबल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए युवराज सिंह के 41 बॉल में 62 रनए शहजान जायद के 32 बॉल 43 रन और शिवा के 18 बॉल में 30 रन की मदद से सीपीएस को 181 रन का लक्ष्य दिया। पहली जीत के लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीपीएस की टीम रोमांचक मुकाबले में रजत छापरवाल के 38 बॉल में 60 रन यशवंत के 45 बॉल 52 रन तथा फरहान के 18 बॉल में 34 रन की मदद से 172 रन ही बना पायी।

राजस्थान राज्य तिलहन उत्पादक सहकारी संघ लि. (तिलम् संघ)
ग्राम-वासनी कलाँ, फतहनगर, तहसील-मावली, जिला-उदयपुर (राज.) -313205
Ph. 02955-220080, 220480, Email- tsrfnr@gmail.com
F-TSR/FNR/ADMN./2022-23/98 Dtd.: 10.05.2022
नीलामी सूचना (2022-23) / 1
फतहनगर परियोजना में उपलब्ध विभिन्न अनुपयोगी, नकारा तथा सरप्लस सामान की खुली नीलामी के लिए विज्ञप्ति जारी की जाती है। नीलामी का विस्तृत विवरण संस्था की वेबसाइट www.tilamsangh.com पर उपलब्ध है, देखा जा सकता है। प्रत्येक हेतु आवश्यक शुल्क धरोहर / सुरक्षा राशि जमा कराया जाना होगा।
महाप्रबन्धक

कृषि अनुसंधान केन्द्र
दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327001
Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com, Mob. 9461118470, 9414319459
क्रमांक : एफ( )/कृअके/स्टोर/2022/56-62 दिनांक 14.05.2022
कलमी आम फलों की नीलामी
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि इस केन्द्र के बोरवट फार्म, बांसवाड़ा पर लगभग क्रमश: 170-180 कलमी आम के फलीत पेड़ों के फलों (दशहरी, केसर, लगड़ा, मल्लिका, राजभोग, आम्रपाली, बोम्बे ग्रीन, चोसा एवं अन्य) की खुली नीलामी दि. 03.06.2022 को प्रात: 11 बजे जहाँ है जैसे है की स्थिति में की जानी है। अत: इच्छुक क्रेता समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग लेवें। बोली लगाने से पूर्व धरोहर राशि रू. 20,000/- नगद जमा करवानी होगी तथा एक ब्लेंक चैक (खाली चैक) साथ में लाना होगा। अन्तिम बोली जिस व्यक्ति के नाम होगी उसे बोली की राशि की एक चौथाई राशि तुरन्त जमा करवानी होगी। विस्तृत जानकारी एवं बगीचों के अवलोकन हेतु कार्यालय समय में सम्पर्क कर सकते हैं।
संभागीय निदेशक अनुसंधान

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India हर भारतीय का बैंक THE BANKER TO EVERY INDIAN
भारतीय स्टेट बैंक
शाखा - मीरा मॉर्केट, जिला-चित्तौड़गढ़, (राजस्थान)
कब्जा सूचना परिशिष्ट-IV नियम 8(I) देखें
जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, भारतीय स्टेट बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 3 के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणग्रहिता श्री प्रहलाद सिंह चौहान पुत्र श्री मोहन सिंह चौहान एवं भागवत सिंह सोलंकी पुत्र श्री उनकार लाल सोलंकी (जमानती) को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र दिनांकित 04/01/2022 को रूपये 6,03,766/- (शब्दों में छह लाख तीन हजार सात सौ छियासठ रुपये मात्र) दिनांक 04/01/2022 तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्च/लागत सूचना-पत्र में उल्लेखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती)के वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणग्रहिता को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य दिनांक 10 माह मई वर्ष 2022 को ग्रहण कर लिया हैं। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्ता) को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार रूपयें 6,03,766/- दिनांक 04/01/2022 तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्चे/लागत के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अध्यधीन होगा।
स्थावर सम्पत्ति का विवरण
श्री प्रहलाद सिंह चौहान पुत्र श्री मोहन सिंह चौहान की आवासीय सम्पत्ति जो कि प्लॉट नंबर 14, आनंद विहार कॉलोनी, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान पर स्थित है। जिसमें भूमि, भवन ढ़ाचा आदि सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसकी माप लगभग 1650 वर्ग फीट है।
चतु: सीमाऐं:
पूर्व में : प्लाट नं. 21 पश्चिम में : रोड
उत्तर में : प्लाट नं. 13 दक्षिण में : प्लाट नं. 15
दिनांक : 10.05.2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : चित्तौड़गढ़ भारतीय स्टेट बैंक

दिनांक:- 13-5-2022
आम सूचना
मैं मेरे व्यवहारी श्री महेश साहु पिता श्री पुरूषोतम लाल जी साहु, निवासी-रामद्वारा चौक, सीमेन्ट गली, उदयपुर (राज.) से प्राप्त हिदायत एवं निर्देशानुसार हर खासो आम को इस आम सूचना के जरिये सूचित करता हूं कि मेरे व्यवहारी से दिनांक 01.03.2021 को श्री कस्तुर चन्द पिता श्री हजारी लाल जी रेगर, निवासी- 33, सुखाड़िया नगर, हिरन मगरी सेक्टर नम्बर-3, उदयपुर ने जरिये आपसी ईकरार 36,00,000/- अक्षरे छत्तीस लाख रूपये प्राप्त किये थे, उक्त राशि की अदायगी की सिक्युरिटी पेटे उसके द्वारा श्री हुक्मीचन्द पिता श्री हेमा जी डांगी, निवासी-केसरपुरा एकलिंगपुरा, उदयपुर के स्वामित्व एवं आधिपत्य के आबादी भूखण्ड राजस्व ग्राम मादड़ी पानेरियान की आराजी संख्या- 307 रकबा 0.0650 (यानी 6994 वर्गफिट) जो कि भोपा मगरी, माली कॉलोनी, 100 फिट रोड, सेक्टर नम्बर-3 मैन रोड उदयपुर में स्थित है जिसका वर्तमान में नगर निगम उदयपुर द्वारा दिनांक 31-01-2022 को क्रमांक 69 क/916/21-22 एक आवासीय पट्टा हुक्मीचन्द के नाम से जारी किया गया है जिसका क्षैत्रफल पट्टे के पश्चात् कम होकर 68 गुणा 90 कुलिया 6120 वर्गफिट का रह गया है में से पट्टाधारी हुक्मीचन्द के द्वारा दिनांक 07-11-2020 को दिये गये अधिकार पत्र के आधार पर 30 गुणा 90 का कुल 2700 वर्गफिट हिस्सा 36,00,000 रूपये की राशि के पुर्न भुगतान की अदायगी की सिक्युरिटी पेटे गिरवी रखा हुआ है ऐसा सुनने में आया है कि उपरोक्त सम्पूर्ण प्लोट मेरे व्यवहारी के साथ किये गये ईकरार के पश्चात् मेरे व्यवहारी की राशि को हडपने की नियत से मूल पट्टाधारी हुक्मीचन्द के जरिये उक्त सम्पूर्ण प्लोट को अन्य व्यक्ति को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है जबकि उक्त प्लोट पर मेरे व्यवहारी के 36,00,000 रूपये बकाया है ऐसी स्थिति में कोई भी व्यक्ति उक्त प्लोट क्रय करने से पूर्व इस बात के लिये पूर्ण सन्तुष्ठ हो लेवे की उक्त प्लोट के सम्बन्ध में मेरे व्यवहारी को उसके द्वारा दिये गये 36,00,000 रूपये का पुर्न भुगतान हो चुका है उसके पश्चात् ही उक्त प्लोट को क्रय करने के सम्बन्ध में आगे कार्यवाही करे अन्यथा भविष्य में होने वाली हानि के लिये क्रयकर्ता स्वयं जिम्मेदार रहेंगे। सो सुचित रहे।
(कन्हैयालाल टांक)
एडवोकेट
निवास- 156, एन रोड, भुपालपुरा, उदयपुर
मोबाईल: 9414473079
स्थान- उदयपुर।
दिनांक:- 13-05-2022

# भगवान नृसिंह की रथयात्रा रजत रथ पर निकली, पुष्पवर्षा से जगह-जगह स्वागत

**भीण्डर,(निसं)।** भीण्डर के आराध्यदेव नृसिंह भगवान दो वर्ष बाद आज अपने रजतरथ में बिराज नगर भ्रमण पर निकले तो हजारों श्रद्धालु झूम उठे और उनके स्वागत में पलक-पावड़े बिछा दिये। नृसिंह चतुर्दशी के अवसर पर प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाएं जाने वाले इस कार्यक्रम पर दो वर्ष से कोरोना ने रोक लगा दी थी। इस बार का सभी इंतजार कर रहे थे कि ठाकुरजी का नृसिंह चतुर्दशी पर्व धूमधाम से मनाएं जाएं और श्रद्धालुओं की ये कामना पूर्ण हुई।

नृसिंह चतुर्दशी के अवसर पर चांदी के बेवाण में बिराज आराध्य देव ठाकुर जी नृसिंह भगवान भव्य रथयात्रा के रुप में नगर भ्रमण को निकले तो भीण्डर नगर नृसिंहमय हो गया। भीण्डर एवं आसपास क्षेत्र से पहुंचे हजारों श्रद्धालु नृसिंह भजनों में थिरकते चले तो नगर का माहौल नृसिंह जयघोष से गुंज उठा। आराध्यदेव नृसिंह भगवान का जगह-जगह पुष्पवर्षा व स्वागत द्वार से भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान बेवाण के मार्ग की श्रद्धालु सफाई करके पुष्प बिछा करके ठाकुर जी के लिए पलक पावडे बिछा दिए। इससे पहले नृसिंह भगवान मन्दिर में सुबह विशेष पूजा-अर्चना के बाद 5



भीण्डर में नृसिंह चतुर्दशी पर निकाली गई रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

पण्डितों की उपस्थिति में विधि विधान से अभिषेक किया गया। जिसमें सुबह से शुरू हुआ अभिषेक दोपहर तक चला। अभिषेक पूर्ण होने के बाद ठाकुरजी भव्य रथयात्रा में नगर भ्रमण पर निकले।

नृसिंह चतुर्दशी के अवसर पर शनिवार शाम को नृसिंह भगवान मन्दिर से भव्य शोभायात्रा रवाना हुई। जिसमें सबसे आगे अश्व चल रहा था। इसके पीछे बगियों में भगवान राम, कृष्ण, महाकाल की झांकी, डीजे पर नृसिंह भजनों पर युवा थिरकते चल रहे थे। इसके बाद युवाओं द्वारा बनाई तोफ से फुलों की वर्षा की जा रही थी, जिससे माहौल पुष्पमय हो गया और पूरे नगर की सड़कें पुष्प की कलियों से भर गई। इसके बाद चांदी के बेवाण में शेषनाग सिंहासन पर भगवान नृसिंह जी की प्रतिमा सुशोभित थी। इसके पीछे महिलाएं व युवतियां थिरकती चल रही थी। अंत में परशुराम व नृसिंह अवतार की झांकी थी। शोभायात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालु ने नृसिंह भगवान के जयकारों से नगर गुंज उठा।

- कोरोना माहमारी के चलते पिछले दो वर्ष से नृसिंह चतुर्दशी पर नहीं निकली थी रथयात्रा
- हजारों श्रद्धालुओं के जयघोष से गूंज उठा भीण्डर

**400 वर्ष में की परम्परा में दो वर्ष के खलल के बाद पुन: हुई शुरू :** नृसिंह चतुर्दशी के अवसर पर पिछले करीब 400 वर्षों से नगर के रघुनाथ द्वार चौक में नृसिंह अवतार वृंतात का मंचन होता आ रहा था। लेकिन पिछले दो वर्ष से कोरोना माहमारी के चलते इस परम्परा में खलल पड़ गई थी। लेकिन इस वर्ष पुन: नृसिंह चतुर्दशी के अवसर पर नृसिंह भगवान अवतार, भक्त प्रहलाद व हरिण्यकश्यप वध का नाट्य मंचन हुआ। जिसके साथ पिछले करीब 400 वर्ष से चली आ रही नृसिंह भगवान का बना हुआ मुकुट धारण करके नृसिंह भगवान का अवतार नाट्य मंचन कार्यक्रम शुरू हुआ।

## संक्षिप्त

### आठवीं के स्टूडेंट ने फांसी लगाई

**डूंगरपुर,(निसं)।** दोवडा थाना इलाके में 8 वीं क्लास के एक स्टूडेंट ने देर रात पेड पर फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। आज सुबह बेटे का शव पेड पर लटका देख परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दोवडा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया कि पाल मांडव गांव निवासी हिमांशु (18 ) पुत्र मुकेश परमार 8 वी लास का स्टूडेंट है।शुक्रवार को उसके पिता मुकेश मजदूरी के लिए गुजरात गए थे। हिमांशु परमार गांव में ही एक शादी समारोह में जाना चाहता था, लेकिन रात ज्यादा हो जाने से हिमांशु की मां मीरा ने उसे टोका और शादी में जाने से मना कर दिया था। इससे नाराज हिमांशु घर से निकल गया। आज शनिवार सुबह तक घर वापस नहीं आने पर उसकी मां ने तलाश की तो वह घर के पास में ही एक पेड से लटका मिला। पुलिस ने पिता मुकेश की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक हिमांशु आपस में 4 भाई-बहन हैं।

### हादसे को न्यौता दें रहा है खुला नाला

**राजसमंद, (निसं)।** नगर परिषद के छतरियों के पास सफाई के लिए खोला गया नाला पिछले सात दिनों से खुला पडा हुआ है। लेकिन अभी तक नाले की ना तो सफाई हुई है और न ही इसे पुन: ढंका गया है। जिससे यह नाला हादसे को निमंत्रण दे रहा है। वहीं नालें पर टूटे फेरों स्लैब रखे हुए हैं जो हादसे को निमंत्रण दे रहे है। स्थानीय निवासियों द्वारा नेता प्रतिपक्ष हिम्मत कुमावत को इस समस्या से अवगत कराने पर नेता प्रतिपक्ष ने मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता भगवती लाल खारीवाल को मौके पर बुलाकर स्थिति से अवगत कराया। जिस पर कनिष्ठ अभियंता ने दो दिवस के अंदर उक्त कार्य को करवाने की बात कही। स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद की उदासीनता पर रोष व्यक्त किया एवं 2 दिन के अंदर कार्य पूर्ण नहीं होने पर नगर परिषद के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही।

### नवीन सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया हुई

**बांसवाड़ा,(निसं)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम खान्दू कॉलोनी में सत्र 2022-23 के लिए कक्षा नर्सरी, एचकेजी, पहली एवं दूसरी कक्षाओं में रिक्तों सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शनिवार को विद्यालय के द्वितीय परिसर में लॉटरी के माध्यम से पूरी की गई। लॉटरी प्रक्रिया में सत्र 2022-23 के लिए सभी रिक्त 49 सीटो के लिए 146 आवेदित छात्र-छात्राओं में से नौनिहालों का चयन कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की गई। अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य माया सेमसन ने अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन के तहत विद्यालय में आयोजित होने वाली शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा के लिए सदैव सजग रहने का आव्हान किया।

### स्टेट ओपन परीक्षा के प्रवेश पत्र 16 से मिलेंगे

**भीम, (निसं)।** भीम राजस्थान स्टेट ओपन परीक्षा आगामी 25 मई से प्रारंभ होने जा रही है। प्रधानाचार्य विजेंद्रसिंह शेखावत ने बताया कि राजस्थान स्टेट ओपन परीक्षा कक्षा 10 एवं 12 बोर्ड परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र 16 मई से स्टेट ओपन परीक्षा प्रभारी ओमसिंह पंवार से प्राप्त कर सकते हैं। राजस्थान स्टेट ओपन की सीनियर एवं सीनियर सेकेंडरी बोर्ड कक्षाओं की परीक्षा को लेकर प्रभारी राजेश चौधरी प्राध्यापक मोहनसिंह भगवानसिंह वीरेंद्रसिंह नारायणसिंह आदि की टीम में तैयारी प्रारंभ की है। प्रभारी ओम सिंह पंवार ने बताया कि सेकेंडरी में 191 और सीनियर सेकेंडरी में 164 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

### लोक अदालत में 243 प्रकरण निस्तारित

**कपासन,(निसं)।** तालुका विधिक सेवा समिति, कपासन के तत्वावधान में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में दो पृथक पृथक न्यायपीठों का गठन किया गया जिनमें कुल 243 प्रकरण आपसी सुलह से निस्तारित किये गये।

### महेश शर्मा का स्वागत किया

**राजसमंद, (निसं)।** राजस्थान सरकार राज्यमंत्री एवं विप्र कल्याण बोर्ड अध्यक्ष महेश शर्मा के कुंवारिया आगमन पर राजस्थान सर्व ब्राह्मण युवा संस्थान सहित अन्य समाज द्वारा भव्य स्वागत सत्कार किया।

## निर्धारित समय के बाद भी देर रात तक बिकती है शराब

**भीम, (निसं)।** भीम उपखंड क्षेत्र के जस्साखेड़ा कुकरखेड़ा बालातों की गुआर कुशलपुरा बरार हामेला की वेर आदि राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्रम पंचायतों में निर्धारित समय के बाद भी देर रात तक शराब की बिक्री होती रहती है। राजस्थान सरकार के आदेश भी क्षैत्र में शराब की सरकारी दुकानों पर बेअसर साबित हो रहे है।

क्षेत्र में एक दुकान की आड में जगह जगह अवैध ब्रांचें खोलकर शराब का दायरा बढाने वाले ठेकेदारों के आगे आबकारी विभाग के अधिकारी भी बौने नजर आ रहे है। सरकारी शराब की दुकानो को रात्री के 8 बजे बंद करने का आदेश है लेकिन फिर भी इन दुकानों का शटर ऊंचा- नीचा होकर , सरकारी दर से ज्यादा राशी लेकर ऊंचे दामो पर बेची जा रही है। देर रात तक ऐसे शराब पीने वाले नशे में होकर कभी कोई अपराध भी करते रहते हैं जिससे कृषको पशुपालकों महिलाऔ आमजन व राहगीर तथा वाहन चालकों का निकलना मुश्किल हो जाता है।

- असामाजिक तत्वों द्वारा अपराधिक गतिविधियों के बढ़ रहे हैं हौसले

तिलोकसिंह सिसोदिया कन्हैयालाल किशोर कुमार सोहनसिंह पूनमसिंह लोकेशसिंह मदनसिंह सिंह नारायणसिंह जयप्रकाश आदि लोगों ने बताया कि कुकरखेड़ा सदारण स्थित हाईवे पर शराब की दुकान देर रात खुली रहती है तथा निर्धारित समय के बाद शराब की बिक्री जारी रहने की वीडियो आबकारी अधिकारियों पुलिस प्रशासन को मामले से अवगत कराने पर भी कार्यवाही नहीं हो रही है। कुकरखेड़ा सरपंच ख्यालीदेवी ने भी कई बार शराब की ब्रांच संचालन नहीं करने एवं शराब ठेका निर्धारित समय पर बंद कराने तथा पुलिस गस्त बढ़ाने की मांग को लेकर पुलिस एंव प्रशासन को अवगत कराया है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## सभापति ने निर्माणधीन कार्यों का निरीक्षण किया, मोक्षधाम जीर्णोद्धार की घोषणा की

**डूंगरपुर,(निसं)।** नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ ने शनिवार को सुबह वार्ड संख्या 1 का भ्रमण कर वार्डवासियों से वार्ड के विकास को लेकर चर्चा की। सभापति ने वार्ड संख्या 1 के पार्षद नरेश यादव के साथ पूरे वार्ड का भ्रमण किया और वार्ड में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

सभापति ने पार्षद और

- खंडेश्वर महादेव से मोक्षधाम तक सड़क बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया

वार्डवासियों की मांग पर वार्ड के मोक्षधाम का जीर्णोद्धार करने की घोषणा की साथ ही खंडेश्वर महादेव से मोक्षधाम तक सडक बनाने को लेकर विचार विमर्श किया। सभापति ने कहा कि सडक निर्माण को लेकर वार्डवासी तैयार है तो परिषद जल्द कार्य शुरू कर देगा। निरीक्षण के दौरान सभापति ने वार्ड में नियमित रूप से साफ सफाई रखने



वार्ड संख्या एक में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन करते सभापाति अमृत कलासुआ व अन्य ने किया।

के निर्देश दिए। साथ ही वार्ड में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था हेतु कार्मिको को निर्देशित किया। वार्डवासियों ने वार्ड में पुरानी सडको के नवीनीकरण की बात कही। जिस पर सभापति ने सडको के नवीनीकरण का कार्य जल्द शुरू करने का आश्वासान दिया। सभापति ने वार्ड में विकास को लेकर वार्डवासियों से चर्चा की वही वार्ड में स्वच्छता बनाये रखने की अपील की। इस अवसर पर वार्ड के मुकेश, नाथू, नरेश पाटीदार, केशव लाल पाटीदार,लक्ष्मीकांत पाटीदार, नटवर, राजेन्द्र पाटीदार, अमराजी, पदमजी, कान्ति पाटीदार, हितेश आदि गणमान्य वार्डवासी मौजूद रहे।

## बेणेश्वर में होने वाली जनसभा की तैयारियों का जायजा लिया

**बांसवाड़ा,(निसं)।** ऊर्जा राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री भंवर सिंह भाटी ने शनिवार को आदिवासियों के प्रयागराज कहे जाने वाले पवित्र तीर्थ स्थल बेणेश्वर धाम में पहुंचकर आगामी 16 मई को राहुल गांधी द्वारा सोम, माही एवं जाखम नदियों के त्रिवेणी संगम पर 132 करोड रुपए की लागत से बनने वाले नवीन पुल निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम एवं इस अवसर पर आयोजित

- 16 मई को त्रिवेणी संगम पर 132 करोड रुपए की लागत से बनने वाले नवीन पुल निर्माण होगा

होने वाली विशाल जनसभा की तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को सम्पूर्ण व्यवस्था सुचारू रखने के लिए निर्देश भी दिए।

उन्होंने बताया कि बेणेश्वर धाम करोडो आदिवासी भाई-बहनों के आराध्य देव संत मावजी महाराज की तपोस्थली एवं आस्था का केंद्र है। वर्षा



ऊर्जा राज्यमंत्री भंवर सिंह भाटी व कैबिनेट मंत्री मालवीया ने बेणेश्वर धाम पर जनसभा की तैयारियों का जायजा लिया।

व मानसून के समय नदियों का जलस्तर बढने से आमजन व तीर्थयात्रियों को होने वाली समस्या के निवारण के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 132 करोड रुपये की लागत से बनने वाले इस पुल को स्वीकृत किया है जो आदिवासी भाई-बहनों के लिए बडी सौगात है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया भी उनके साथ रहे। दोनों मंत्रियों ने सोमवार को होने वाले कार्यक्रमों के समस्त कार्यक्रमों के स्थलों पर पहुचंकर वहां की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए।

## शिशोदा नवनिर्वाचित सरपंच ने कार्यभार ग्रहण किया



राजसमंद में नवनिर्वाचित शिशोदा सरपंच भगवानसिंह के कार्यभार ग्रहण समारोह में मंचासीन जिला प्रमुख एवं उपस्थित जनप्रतिनिधि।

**राजसमंद, (निसं)।** हाल में सम्पन्न हुए पंचायती राज उप चुनाव में ग्राम पंचायत शिशोदा से विजय रहे सरपंच भगवानसिंह के कार्यग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी ने शिरकत की।

इस दौरान जिला प्रमुख ने नवनिर्वाचित सरपंच को शुभकामनाएं देते हुए ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा की तथा सांसद आदर्श ग्राम पंचायत के अच्छे विकास के लिए निर्देश दिए। इस मौके पर जिला प्रमुख ने कहा कि पंचायत के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। पंचायत राज एवं जिला परिषद से सम्बिन्धि कार्य में मैं सदैव तत्पर रहूंगी। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में बीजेपी की जीत होनो 2023 में बीजेपी की प्रचंड जीत की तरफ जनता इशारा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहट, जिप सदस्य प्रतिनिधि ऋषिराज सिंह, जिला मंत्री हरदयालसिंह उपस्थित थे।

## केरेश्वर महादेव लूणदा में मेला आज से

**कानोड़,(निसं)।** मेवाड के प्राचीन शिव मंदिरों में शुमार व मेवाड़ का हरिद्वार कहे जाने वाले गोमती तट स्थित केरेश्वर महादेव लूणदा में दो साल बाद फिर से वैशाखी पूर्णिमा पर विशाल मेले की रंगत जमेगी। दरअसल, यहां कई दशकों से वैशाखी पूर्णिमा का मेला आयोजित होता है लेकिन पिछले दो वर्षो से कोराना के चलते मेले का आयोजन नहीं हो पाया था लेकिन इस बार 15 मई से लेकर 17 मई तक तीन दिवसीय मेले में फिर से रंगत देखने को मिलेगी।

तीन दिवसीय मेले को लेकर को मंदिर परिसर में केरेश्वर महादेव मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष कैलाश सिंह कृष्णावत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें बैठक में मंदिर विकास समिति की और से मेले की रूपरेखा बनाई गई एंव मंदिर में व्यवस्था हेतु समिति सदस्यों के परिचय पत्र भी दिये गये।

## सच्चा प्रेम एवं अटूट विश्वास हो तो अवश्य मिलते है प्रभु : आचार्य राममूर्ति

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय कांकरोली में बड़ा दरवाजा स्थित नजरवाडी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा अमृत सप्ताह के अंतिम दिन शनिवार को आचार्य राममूर्ति महाराज ने सुदामा चरित्र, मणिजी को लेकर हुए युद्ध सहित शेष अन्य प्रसंगों का वर्णन किया। आखिर में जब उन्होंने पृथ्वी लोक पर अपनी लीलाएं सम्पन्न कर श्रीहरि के पुन: वैकुण्ठ धाम प्रस्थान करने के भावपूर्ण प्रसंग का चित्रण किया तो श्रद्धालु भावुक हो उठे।

महाराज ने आखरी पडाव में प्रभु की विभिन्न लीलाओं, हरिनाम सुमिरण का महत्व, प्रभु का भक्त वत्सल भाव आदि से जुडे कई प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि यदि प्रभु के प्रति मन में सच्चा प्रेम, अटूट विश्वास एवं आस्था अजेय हो तो प्रभु अवश्य मिलते है और



कथा के आखिरी दौर में प्रभु संग फूलों ही होली खेलते श्रद्धालु।

तब वे अपने भक्त पर अपार कृपा कर देते है। सुदामा चरित्र का बखान करते हुए सुदामा के अपने बालसखा कृष्ण से मिलने द्वारिकापुरी जाने, अपने महल में प्रभु द्वारा सुदामा की खूब आवभगत करने, अपने अश्रुओं से सुदामा के पैर धोने एवं दो मुट्ठी चावल के बदले सखा को राजपाट तक दे देने के भावमय प्रसंग का जीवंत चित्रण किया तो धर्मप्रेमी प्रभु प्रेम में भाव-विभोर हो गए। प्रसंग पर कृष्ण-सुदामा की मनभावन झांकी सजाई गई। वहीं महाराज ने भजन

- विभिन्न प्रसंगों पर भावुक हुए श्रद्धालु

प्रस्तुति दी। इसके बाद प्रभु की अन्य कई लीलाओं के वर्णन उपरांत आखरी चरण में मृत्युलोक में अपनी समस्त लीलाएं पूर्ण कर श्रीहरि के वैकुण्ठ धाम लौटने के प्रसंग का वर्णन किया तो प्रभुप्रेम के वषीभूत कई श्रद्धालु भावुक हो गए। इस दौरान महाराज ने कहा कि पृथ्वी लोक में पापाचार, अनाचार एवं दुराचार चरम पर पहुंचा तो स्वयं नारायण ने अवतार लेकर इनका नाश किया। यहां अनेकानेक लीलाएं रची, प्राणियों को धर्म अनुरूप कर्म करने एवं सदाचारी जीवन जीने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन बेहद दुर्लभ है जिसे प्रभु भक्ति एवं प्राणी मात्र की निष्काम सेवा में लगाकर सार्थक करना चाहिए।

## सार-समाचार

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन



**कुशलगढ़,(निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के दिशा-निर्देशों की पालना में शनिवाकर को न्यायालय, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कुशलढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन यशवन्त आमेरिया ए.सी. जे. एम. की अध्यक्षता में किया गया। लोक अदालत सदस्य मोहम्मदी राज बोहरा उपस्थित रहे। लोक अदालत में लंबित पत्रावलियो में से कुल 222 तथा प्रिलिटीगेशन के कुल 160 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। प्रिलिटीगेशन के कुल 160 प्रकरणों का सैटलमेंन्ट हुआ। इस अवसर पर आई.सी.आई.सी. आई बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, राजस्व विभाव कुशलगढ़ व सज्जनगढ़ के सदस्यगण व अधिवक्तागण शिवंभरसिंह राठौड, धर्मेन्द्र कंसारा, दौलतसिंह सिसोदिया, महेन्द्रपालसिंह, नाजीर खॉ, के. के. पुरोहित तथा ताल्लुका विधिक सेवा समिति, कुशलगढ़ के सचिव मय स्टाफ उपस्थित रहे।

### श्रीशनिदेव को चांदी का ट्रैक्टर भेंट

**कपासन,(निसं)।** मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनि महाराज आली में



शनिवार को एक भक्त ने मन्नत पूरी होने पर 850 ग्राम चांदी का ट्रैक्टर और ट्रॉली में नगद 2100 सो रुपए श्री शनिदेव को भेंट किया। श्री शनि महाराज प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष छगन लाल गुर्जर ने बताया मध्य प्रदेश के गांव गुडलई जावद निवासी कैलाश चंद्र पुत्र मांगीलाल जाटव ने भगवान शनि देव मंदिर पर मन्नत मांगी थी। मन्नत पूरी होने पर शनिवार को परिवार के साथ भगवान शनि महाराज पहुंचे जहां धार्मिक अनुष्ठान के साथ 850 ग्राम चांदी का ट्रैक्टर और ट्रॉली में नगद 2100 भेट किया इस अवसर रात्रि जागरण के साथ बड़ी प्रसादी का आयोजन किया था इससे पूर्व भक्त जनों ने चांदी की बाल्टी और मुकुट भगवान शनि देव को भेंट किया था इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष छगन लाल गुर्जर सचिन कालू सिंह चौहान सहित आदि सदस्यों ने भक्तजनों को उपरना ओढा कर अभिनंदन किया गया।

### युवक-युवती ने सुसाइड किया

**डूंगरपुर,(निसं)।** डूंगरपुर के धम्बोला थाना इलाके के नवलपुरा गांव में एक युवती और युवक ने एक साथ फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर सीमलवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए हैं। पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुडा हुआ बताया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। धम्बोला थानाधिकारी भैयालाल आंजना ने बताया कि आज सुबह लोगों ने पुलिस थाने पर सूचना दी कि नवलपुरा गांव में वारन्दा बांध के पास नीम के पेड से एक युवक और एक युवती के शव फंदे से लटके हुए हैं। सूचना के बाद एसआई गोविन्दसिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को ग्रामीणों की मदद से नीचे उतारा और अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया है। थाना प्रभारी आंजना ने बताया कि युवती की पहचान भंडारी सरपंच अरविदं डामोर की बेटी के रूप में और युवक की पहचान सरपंच के ट्रैक्टर चालक राजेश के रूप में की गई है। सरपंच अरविन्द डामोर की बेटी प्रवीणा डामोर की शादी 3 साल पहले हुई थी। एक साल पहले उसका तलाक हो गया था। तब से वह अपने पीहर में रह रही थी। वहीं मृतक युवक राजेश सरपंच अरविन्द डामोर का ट्रै टर चलाता था। मृतक राजेश शादीशुदा है और उसके एक लडका-लडकी भी है। सरपंच ने बताया की कल शाम से दोनों घर से लापता थे। पुलिस ने दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग का अंदेशा जताया है।

### संत निरंकारी मंडल का सत्संग संपन्न

**भीम, (निसं)।** संत निरंकारी मंडल का आध्यात्मिक सत्संग गांगाजी का खेड़ा में सम्पन्न हुआ इसमें भीलवाड़ा जोन के जोनल इंचार्ज जगपाल सिंह राणावत के सानिध्य में सत्संग फतेह सिंह की माताजी शायरी देवी की प्रथम पुण्य तिथि पर सम्पन्न हुई जिसमें कुंडेली, ब्यावर, भाखड़ा, ठिकरवास, कलालो की आंती, पालड़ी, सांगावास,आमेट सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्त जोनल इंचार्ज के दर्शनों हेतु उमड़ पड़े। कार्यक्रम में राणावत ने कहा कि आज हम शायरी देवी की प्रथम पुण्य तिथि मना रहे है उनके किये अच्छे कर्म हमें सदैव मार्गदर्शित करते रहेंगे मानव तन अति दुर्लभ है प्रभु परमात्मा ने कृपा की है, सदगुरू स्वयं मानव को समझाने के लिए मानव तन में अवतरित होकर प्रत्येक युग में रीति निभाया है। साकार सत्गुरू के बगैर इस प्रभु को नहीं पाया जा सकता। मनुष्य ने अनेकों डिग्री प्राप्त की, चांद पर पहुंच गया है लेकिन स्वयं का निज ठिकाना कहां से आया कहां जाना है इस टॉपिक को हल्के में लिया है यह कचावट रहेंगी शरीर से प्राण निकल जाएंगे पिछे पछताने के अलावा कुछ नहीं रहेगा इसलिए समय रहते आत्मज्ञान, ब्रहाज्ञान प्राप्त कर ले प्राणी ताकि यह लोक परलोक सुखी हो जाएं।

### 'गर्मी में आमसभा हो सकती है जानलेवा'

**बांसवाड़ा,(निसं)।** पूर्व राज्यमंत्री भवानी जोशी ने कांग्रेस के चिंतन शिविर के बाद 16 मई को बांसवाडा डूंगरपुर सीमा के मध्य स्थित बेणेश्वर धाम पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सभा को लेकर कांग्रेस को आडे हाथ लेते हुए कहा कि केवल एक परिवार के तीन लोगों को खुश करने के लिए पार्टी हजारों जिंदगीयों के साथ खिलवाड करने जा रही है। पूर्व मंत्री ने कडे शब्दों में कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा है कि वे तो वीआईपी बन कर उदयपुर में एयर कंडीशन में दिन बिता रहे हैं और सैर सपाटे का मजा ले रहे हैं और यहां के गरीब भोले भाले आदिवासी भाई बहनों को 48 डिग्री तापमान में कई किलोमीटर दूर सभा में बुला रहे हैं। जोशी ने कहा कि बेणेश्वर धाम पर होने वाली सभा ऐसी भीषण गर्मी के वातावरण में हो रही है कि कांग्रेस सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी केवल 3 लोगों की खुशामद के लिए कई लोगों की जान ताक पर रखने जा रही है। उन्होंने कहा कि 48 डिग्री तापमान में दूरदराज से हजारों लोगों को जुटाना लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड है।

### पति-पत्नी की एक साथ अरथी निकली

**बांसवाड़ा,(निसं)।**जिले के बस्सी चंदन सिंह गांव में पति-पत्नी की एक साथ अरथी निकली। बताया जाता है कि पत्नी ने अपने पति से पानी मांगा पति पानी लेकर पहुंचा और पत्नी के मुंह में पानी डालने का प्रयास किया जब पानी का घूंट अंदर नहीं गया तो अनहोनी का अंदेशा हुआ और पति उठकर कुछ कदम ही चला था कि खडे-खडे जमीन पर गिर पडा और उसने भी प्राण त्याग दिये। मृतक गायरी मोहल्ले में रहता था और उसकी आयु 70वर्ष थी जबकि पत्नी केसर की उम्र 65 वर्ष थी। दो माह पहले केसर में लकवे के लक्षण दिखाई दिये और उसका उदयपुर में ईलाज चल रहा था। दोनों की शादी 50 साल पहले हुई थी। सरपंच रामलाल दायमा ने बताया कि बुजुर्ग दंपत्ति की अंतिम यात्रा में बडी संख्या में गांव के लोग सम्मिलित हुए। दायमा ने बताया कि क्षेत्र में ऐसी घटना पहली बार हुई है कि जब पति-पत्नी की एक साथ अरथी निकली। मृतक के पांच बेटे-बेटियां है और सभी का विवाह हो चुका है।

### पानी का टैंकर पलटा

**राजसमंद, (निसं)।** चारभुजा सेवंत्री मार्ग पर मोड पर शनिवार को पानी की आपूर्ति करते समय पानी का टैंकर मुडाव में अनियंत्रित होकर सडक के बीचों-बीच पलट गया। गनिमत रही कि हादसे के दौरान चालक ने कूदकर अपनी जान बचा ली। प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार को भोपजी की भागल से आस-पास के घर में पानी की आपूर्ति के लिए पानी का टैंकर भरकर ले जाया जा रहा था। इसी बीच ओडा का देवरा देवनारायण मंदिर के समीप मोड पर मुडाते समय टैंकर के पीछे का टायर निकल जाने से संतुलन बिगड गया जिससे टैंकर अनियंत्रित होकर सडक के बीचो बीच ही पलटी खा गया। जैसे की टैंकर का संतुलन बिगडा चालक ने कूदकर जान बचाई। सडक के बीचो-बीच पलटने से करीब आधा घंटे तक चारभुजा सेवंत्री मार्ग अवरुद्ध रहा। इसके बाद ट्रैक्टर की सहायता से रस्सी बांधकर टैंकर को मार्ग से हटाया गया।

